तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

11 नपं छुरा में नवीन अध्यक्ष कक्ष एवं वॉटर कुलर का...



12 तेंदूपत्ता खरीदी जोरों पर, देवभोग में रिकॉर्ड संग्रहण





## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

## खबर संक्षेप

### गाली गलौज कर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** गाली गलौज कर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जयनिधि रत्नाकर निवासी ग्राम कोयलारी ने बताया कि 20 अप्रैल को ग्राम कोयलारीडीह के गिरधारी पटेल, रोशन उर्फ चंद्रमणि पटेल, पप्पू उर्फ चिंतामणि पटेल के द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सरायापाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया रिंदू महानंद निवासी माधोपाली ने बताया कि बीते 2 साल वह अभय जायसवाल के साथ रिलेशनशिप में थी और पति-पत्नी के रूप में ग्राम माधोपाली में रह रहे थे, लेकिन अब अभय जायसवाल उसे अपनाने में इनकार कर रहा है। साथ ही उसके साथ मारपीट व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दो लोगों ने एक व्यक्ति को जमकर पीटा

**महासमुंद।** एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में दो लोगों के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कुटेला के सुबोध बारिक ने बताया कि 5 साल पूर्व उसकी शादी झूलबाई बारिक से हुई। अब वे दोनों अलग-अलग रह रहे थे। प्रार्थी न बताया कि उसने ग्राम जोगनीपाली से एक महिला करण को चूडी पहनाकर पत्नी बनाकर घर लाया था। इसके बाद उसकी पहली पत्नी झूलबाई ने घर आकर उसकी मां, पत्नी के साथ विवाद कर घर से भगा दिया था। 26 अप्रैल की सुबह करीबन 7 बजे ग्राम बरबसपुर के राजेश नंद, ग्राम बेलटिकरी के परेश सोना कुटेला चौक सोढीपारा ग्राम जोगनीपाली आए और दोनों ने एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारनेकी धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है।

### जेवर, बर्तन और नकदी की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम चौकबेड़ा के एक घर से जेवर, बर्तन और नगदी रकम चोरी के मामले में पटेवा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लोकनाथ बारले पिता कार्तिकराम बारले (34 साल) निवासी चौकबेड़ा ने बताया कि 20 अप्रैल की सुबह करीबन 06.30 बजे वह अपने परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में ग्राम घुचापाली गया था। शादी कार्यक्रम समाप्त होने बाद 25 अप्रैल की शाम को वह अपने घर लौटा। जहां उसने देखा कि कमरे में रखी पेटी नहीं थी, पेटी में2 नग सोने का लॉकेट पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 12000 रुपए, 09 नग कांसे की थाली एवं 04 नग कांसे का लोटा पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 7000 रुपए और गुल्लक में नगदी रकम करीबन 12000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ड्रिंक एंड ड्राइव पर पुलिस की सख्ती, ब्रेथ ऐनालाइजर से हो रही कड़ी जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

सड़क सुरक्षा को लेकर अब राजिम पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए पुलिस ने गरियाबंद मार्ग पर सख्त चेकिंग शुरू कर दी है। इस अभियान के तहत ब्रेथ ऐनालाइजर मशीन के माध्यम से चालकों की जांच की जा रही है, जिससे नशे में वाहन चलाने वालों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। अभी इसी महीने 24 प्रकरण बनाया गया जिसमें 2 लाख 40 हजार से दंड राशि वसुली गई। इसी तरह पिकअप जैसे मालवाहक गाड़ियों के 14 केस बनाए गए। ये गाड़ियां परमीट शर्तो का उल्लंघन कर लोगों को ढुलाने में लगी थी। इस 14 प्रकरण में 70 हजार रूपए दंड राशि वसुला गया। मालूम हो कि राजिम पुलिस द्वारा टीआई अमृत लाल साहू के नेतृत्व में देर शाम से लेकर रात तक चलाए जा रहे इस विशेष चेकिंग अभियान में दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर चालकों की जांच की जा रही है। ब्रेथ ऐनालाइजर मशीन के जरिए यह तुरंत पता लगाया जा रहा है कि चालक ने शराब का सेवन किया है या नहीं। जांच में दोषी पाए जाने पर चालकों के खिलाफ मौके पर ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों से 2.40 लाख रुपए का वसूला जुर्माना

### अभियान जारी रहेगा

राजिम पुलिस की इस सख्ती का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। जहां पहले देर रात तक शराब पीकर वाहन चलाने वालों की संख्या अधिक रहती थी, वहीं अब पुलिस की कड़ी निगरानी और कार्रवाई के डर से ऐसे मामलों में कमी आने लगी है। आम लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी कदम बताया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक शराब पीकर वाहन चलाना है, जिसे रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



### ढिलाई नहीं बरती जाएगी

उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। राजिम पुलिस का यह अभियान फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों के मन में कानून का भय भी साफ तौर पर देखा जा रहा है। टीआई अमृत लाल साहू ने निरंतर हो रही दुर्घटनाओं और उसमें हो रही मौतो को देखते हुए लोगो से अपील किया है कि नशे में गाड़ी न चलाएं जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।

**लापरवाही :** बिना जरूरत के पानी पहुंच रहा, जिससे 60 से 100 एकड़ तक खेत लबालब हो गए

# बदहाल पांडुका माइनर से पानी की बर्बादी, खेत हैं सूखे, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पांडुका

हरिभूमि सरोकार

सिंचाई विभाग की लापरवाही और पांडुका माइनर (छर्रा नाली) की जर्जर स्थिति के चलते पाण्डुका, सरकड़ा और कुरूद खार क्षेत्र के किसान भारी मुसीबत में हैं। नाली की सफाई और कंक्रीटीकरण न होने से पानी की बर्बादी हो रही है और जरूरतमंद किसानों के खेत सूखे पड़े हैं। इस अव्यवस्था से नाराज किसानों ने विभागीय अधिकारियों पर घोर लापरवाही और भेदभाव का आरोप लगाया है। पाण्डुका माइनर (छर्रा नाली) जो रजनकटा रोड से होकर सरकड़ा और कुरूद खार को सिंचित करती है, लंबे समय से सफाई और कंक्रीटीकरण की बाट जोह रही है। किसानों का कहना है कि यह नाली पूरी तरह पट चुकी है, जिससे पानी खेतों में जाने के बजाय इधर-उधर ▸▸ शेष पेज 10 पर

- विभाग अधिकारी की भारी लापरवाही, पाण्डुका किसानों ने की एसडीओ को हटाने की मांग



### तालाब भरने के लिए पानी छोड़ा गया

इस मामले पर जब जल संसाधन विभाग के एसडीओ महेश कुमार पंडोरिया से बात की गई, तो उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा की किसान पानी चोरी करते हैं, यह आरोप गलत है। पानी तालाब भरने के लिए छोड़ा गया है, न कि खेतों के लिए। नाली ढलाई हुई है या नहीं, यह मैं 10-15 साल पुरानी बात नहीं बता सकता, इसके लिए सब-डिवीजन में पता करें।

### किसानों का आरोप, पैसे लेकर पानी दे रहे अधिकारी

सरकड़ा के चंद्रकांत साहू, राकेश साहू, मकुंद साहू, धनलाल साहू, गजेन्द्र साहू, भुनेश्वर साहू, गोवर्धन साहू, शत्रुघ्न साहू सहित दर्जनों किसानों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी मौके पर मुआयना तक नहीं करते। किसानों ने दावा किया कि अधिकारियों की मिलीभगत से पानी का गलत वितरण हो रहा है। रबी फसल या बारिश के दौरान पानी के लिए किसानों में संघर्ष जैसी स्थिति बन जाती है, जबकि पानी का प्रबंधन पूरी तरह से अव्यवस्थित है। किसानों का कहना है कि कुछ क्षेत्रों में बिना जरूरत के पानी पहुंच रहा है, जिससे 60 से 100 एकड़ तक खेत अनावश्यक रूप से लबालब हो गए हैं, जबकि कई खेत सूख रहे हैं।

# लो-वोल्टेज पर कृषकों को दी कैपेसिटर लगाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र मे लो वोल्टेज को लेकर ग्रामीण परेशान हो गए हैं और इस भीषण गर्मी में कुलर पंखा भी नहीं चल पा रहा है तो वहीं पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता हेमंत ठाकुर ने मैनपुर क्षेत्र में लो वोल्टेज के संबंध में बताया कि वर्तमान में रबी सीजन चल रहा है। किसानों द्वारा धान के फसल की सिंचाई के लिए एक साथ पंप का उपयोग कर रहे हैं। पंप कनेक्शनों के लगातार एवं एक साथ उपयोग से इंडक्टिव लोड के कारण पम्प स्टार्ट होते ही हाई करेंट लेता है और लाईन में वोल्टेज कम हो जाता है। पंप लोड के कारण इंडक्टिव लोड का विपरीत प्रभाव प्रारंभिक उप-केन्द्रों से निर्गत आपूर्ति में कमी के रुप में परिलक्षित होता है जिससे विद्युत आपूर्ति प्रवाह में कमी या विद्युत आपूर्ति में गिरावट आती है मोटर पंप स्टार्ट होने में हाई करेंट के कारण सप्लाई सिस्टम के वोल्टेज पर असर पड़ता है तथा ट्रांसफार्मर पर एक्स्ट्रा लोड पड़ता है। विद्युत लाईन में वोल्टेज कम होने से एंड प्वाईंट पर वोल्टेज बहुत कम मिल पाता है। उन्होंने बताया कि सीमावतएँ क्षेत्र राजिम, धमतरी, बालोद व गरियाबंद सिंचाई प्रधान हैं। जिनकी शीर्ष विद्युत सप्लाई प्रणाली मुख्यतः एक ही उपकेन्द्रों से की जाती है इन क्षेत्रें में इंडक्टिव लोड का असर पूरे क्षेत्र के साथ-साथ शीर्ष स्तर के सप्लाई सिस्टम पर भी पड़ता है शीर्ष विद्युत सप्लाई प्रणाली संरचना में गरियाबंद संभाग



अंतर्गत मैनपुर व देवभोग अंतिम छोर में स्थित हैं जिसके कारण वोल्टेज वर्तमान सीजन में बहुत कम हो जाता है तथा लो-वोल्टेज की समस्या निर्मित होती है। इन समस्या के निराकरण के लिए विद्युत विभाग द्वारा कृषकों को उचित क्षमता के केपेसिटर या 5 अश्वशक्ति के पंप के लिए 3 केवीएआर 3 अश्वशक्ति के पंप के लिए 2 केवीएआर के केपेसिटर लगाने के लिए सलाह दी गई है। वर्तमान में सिंचाई पंप कनेक्शन का उपयोग अपने उच्चतम स्तर पर है, जिससे यह स्थिति निर्मित हुई है, जो कि अस्थायी है पंप कनेक्शन के उपयोग कम होने पर स्वतः ही सप्लाई सामान्य रुप से बहाल हो जाएगी।



### खुले आसमान के नीचे सब्जी बेचने को मजबूर महिलाएं

**मैनपुर।** भीषण गर्मी 42 डिग्री में मैनपुर नगर के सप्ताहिक बाजार में जगह की कमी के चलते खुले आसमान के नीचे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं सब्जी का दुकान लगाकर जीवन यापन करने मजबूर हो रहे है।

# कृषि आदान पर हड़ताली व्यापारियों ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

देशभर के खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन (एडा) के बैनर तले करीब 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन ने प्रधानमंत्री ने नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। गरियाबंद जिले में भी कृषि आदान व्यापारियों ने जिला कृषि उप संचालक



के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। व्यापारियों का कहना है कि पिछले 10 वर्षों से वे जबरन उत्पाद लिंकिंग, कम मार्जिन, महंगी डिलीवरी और ऑनलाइन पोर्टल की अनिवार्यता जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में सब्सिडी वाले खाद के साथ गैर-जरूरी उत्पादों की जबरन लिंकिंग पर रोक, खाद की डिलीवरी सीधे बिक्री केंद्र तक सुनिश्चित करना, डीलर मार्जिन बढ़ाकर न्यूनतम 8% करना, ▸▸ शेष पेज 10 पर

**आधुनिकता के दौर में संस्कृति की अनूठी मिसाल**

# जिले में बैलगाड़ी पर निकली दूल्हे की बारात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

अंचल में एक बार फिर पुरानी परंपराओं की खुशबू देखने को मिली, जब एक युवक ने अपनी शादी को खास बनाने के साथ-साथ संस्कृति को सहेजने का संदेश दिया। कपसीडीह से मुड़तराई तक निकली यह बारात किसी आधुनिक गाड़ियों में नहीं, बल्कि पारंपरिक बैलगाड़ी में निकाली गई। दूल्हा पवन ध्रुव, पिता रमेश्वर ध्रुव, ने इस अनोखी पहल के जरिए समाज को यह संदेश दिया कि आधुनिकता के दौर में भी अपनी जड़ों से जुड़े रहना जरूरी है। बैलगाड़ी में सजी-धजी बारात ने गांव-गांव में लोगों का ध्यान खींचा और हर कोई इस पहल की सराहना करता नजर आया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था हमारी पुरानी परंपरा और संस्कृति को बचाना और



लोगों को उसके प्रति जागरूक करना। ध्रुव परिवार एवं युवा साथियों ने मिलकर इस विचार को साकार रूप दिया। बारात में शामिल प्रमुख लोगों में रमेश्वर ध्रुव, चैनसिंग ध्रुव, रोशन साहू, कामता साहू, हरख ध्रुव, दयाराम, कोमल तारक, सुरेंद्र साहू, कृष्ण साहू, दुष्यंत, मेघराज साहू (जनसेवक), नंदकुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। दूल्हा पवन ध्रुव पेशे से इलेक्ट्रिशियन हैं और साथ ही खेती-किसानी का काम भी करते हैं। उनकी इस पहल ने यह साबित किया कि साधारण जीवन जीने वाले लोग भी समाज में बड़ा संदेश दे सकते हैं।

आज जब शादियों में दिखावा और फिजूल खर्च बढ़ता जा रहा है, ऐसे में यह बैलगाड़ी बारात एक मिसाल बनकर सामने आई है। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि हमारी लोक संस्कृति को भी जीवित रखने का सशक्त प्रयास है। कुल मिलाकर, यह बारात सिर्फ एक शादी नहीं, बल्कि संस्कृति संरक्षण की प्रेरक कहानी बन गई है।

**संस्कृति संरक्षण का संकल्प-** इस अनोखी पहल का मुख्य उद्देश्य पुरानी परंपराओं को जीवंत रखना और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना था। दूल्हे पवन ध्रुव का मानना है कि ▸▸ शेष पेज 10 पर

# समाज के सहयोग से सादगी के साथ हुआ आदर्श विवाह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

आधुनिक दौर में जहां शादियों में बढ़ते खर्च और दिखावे का चलन तेजी से बढ़ रहा है, वहीं ग्राम सुरसाबांधा में ग्रामीण साहू समाज ने सादगी और परंपरा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। समाज के सहयोग से कम खर्च में वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ एक आदर्श विवाह संपन्न कराया गया।

ग्राम सुरसाबांधा निवासी कुबेर राम साहू की पुत्री रानी साहू का विवाह ग्राम परतेवा निवासी कोमल राम साहू के पुत्र भूपेंद्र साहू के साथ सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विवाह ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### जनता से जुड़े हर मुद्दे को मजबूती से उठाना प्राथमिकता : यशवंत साहू

**नवापारा-राजिम।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में सदस्य यशवंत साहू ने क्षेत्र की जनता और किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को गंभीरता से उठाते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिलवाए। बैठक में उन्होंने आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों के लिए रासायनिक खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही एग्रीस्टैक पोर्टल की



त्रुटियों का खामियाजा किसानों को न भुगतना पड़े, इसके लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री साहू ने रायपुर जिले में व्याप्त पेयजल संकट और गिरते जलस्तर का मुद्दा भी मजबूती से उठाया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अनेक स्थानों पर समुचित जल आपूर्ति नहीं हो रही है तथा लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्रों में पानी वितरण की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को तत्काल समस्या समाधान के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर, नवापारा एवं विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एमबीबीएस डॉक्टरों की भारी कमी की ओर सदन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था लचर हो चुकी है, इसलिए तत्काल डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए तथा पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पशुधन सेवाओं के संबंध में उन्होंने गांवों में पशु चिकित्सकों की कमी पर सवाल उठाया। विभागीय अधिकारियों ने स्वीकार किया कि लगभग 75 प्रतिशत स्थानों पर चिकित्सकों के पद रिक्त हैं। इस पर यशवंत साहू ने नाराजगी जताते हुए तत्काल रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट 5 को

**सरायपाली।** प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बलौदा में एक महत्वपूर्ण मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। यह मॉक टेस्ट 05 मई को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलौदा (विखं सरायपाली) निर्धारित किया गया है। मॉक टेस्ट के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 गुरुवार, शाम 6 बजे तक रखी गई है। इच्छुक विद्यार्थी समय पर पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। पंजीयन संबंधी जानकारी के लिए देवेश कुमार भोई, माधव प्रसाद पंडा एवं हेमसागर प्रधान से संपर्क किया जा सकता है। आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह टेस्ट पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। परीक्षा ओएमआर शीट पर आयोजित की जाएगी और इसका माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों रहेगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पूर्व केंद्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

**भूमिपूजन : बारिश के दिनों में सरगी नदी में उफान आने से रवेली का संपर्क आसपास के गांवों से टूट जाता था**

# सरगी नदी पर बनेगा 5.32 करोड़ की लागत से पुल, विधायक साहू ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

क्षेत्र के ग्राम रवेली के वर्षो पुरानी मांग अब सरकार होने जा रही है जहां बारिश के दिनों में सरगी नदी में उफान से अन्य गांव से रवेली का संपर्क टूट जाता था बच्चे स्कूल नहीं जा पाते थे कर्मचारी दफ्तर नहीं पहुंच पाते थे और किसान अन्य कई खाद्य सामग्री के लिए गांव से बाहर नहीं निकाल पाते थे ऐसी भीषण समस्या अब दूर होने वाली है। विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर राज्य शासन द्वारा ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग भेंड्री- रवेली पुलिया निर्माण की स्वीकृति 5 करोड़ 32 लाख 79 हजार रुपए की लागत से 100 मीटर लंबे उच्च स्तरीय पुल का निर्माण पर मुहर लगाते हुए करोड़ों की विकास कार्यों की सौगात प्रदान की है। सोमवार को शीतला चौक पर उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के लाडले विधायक रोहित साहू मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे थे इंद्राणी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर और विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रशेखर साहू जिला महामंत्री भाजपा गरियाबान महेश यादव नगर पालिका अध्यक्ष राजिम शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सभापति गरियाबंद, लाला साहू राजिम भक्तिन मंदिर अध्यक्ष, राजू साहू भाजपा नेता, गोपी ध्रुव भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा, दीपक साहू पूर्व जनपद सदस्य, सरपंच दशोदा लोमश ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ सरगी नदी मे पूजा कर देवगुड़ी ध्रुव समाज मे 1.50 लाख का भूमिपूजन किया। इस दौरान दशोदा ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत रवेली, लोमश ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, श्रवण यादव संरक्षक ग्राम विकास समिति, लक्ष्मण कश्यप अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, बसंत यादव उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति, रमेश कश्यप सचिव ग्राम विकास समिति संतराम मरकाम सह सचिव ग्राम विकास समिति, पुखराज साहू उपसरपंच,लोहरसी सरपंच लोमश साहू, हेमलता साहू, धनंजय साहू, धनीराम साहू द्वारका कश्यप,चंद्रशेखर साहू, मनीष साहू, जागेश्वर साहू, लालजी साहू, कुलेश्वर प्रजापति, निलेश टंडन उपसरपंच, लोमश साहू रवेली, आनंद साहू, एलु राम साहूहेमंत वर्मा, उपसरपंच, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा,किशोर साहू, तुलसी निषाद, घनश्याम पटेल, नंदी शर्मा, क्रिशलाल साहू, लक्ष्मीनरायण कश्यप पंचायत भृत्य, संतोष साहू शिक्षक, उपस्थित रहे।





### विकास की नई इबारत : विधायक

मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज भेडरी रवेली पहुँच मार्ग पर उच्च स्तरीय सरगी नदी मे पुलिया निर्माण होने की स्वकृति हुई है। अब भाजपा के सरकार में कोई गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा। रवेली में 5 करोड़ के पुलया निर्माण का भूमिपूजन किया गया, केवल रवेली ही नहीं पूरे विधानसभा में विकास हो रहा है, भाजपा के सरकार में करोड़ो रूपये के सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, पाण्डुका से तरीघाट फोर लेन सड़क की स्वीकृति, राजिम मेला मे आने जाने के लिये रोड सड़क बन रहा है। नदी के किनारे फोर लेन सड़क बन रहा है। अस्पताल से लेकर स्कूल से लेकर कॉलेज तक विकास की धरा बह रही है। 8 लाख का सीसी रोड पहले से रवेली मे दिया गया और शीतला मंदिर चौक पर टिन सेड का घोषणा किया, ओपन जीम की घोषणा किया, महिला कमांडो समिति को दस हजार की घोषणा किया, युवा साथियो के लिये क्रिकेट समाग्री दस हजार की घोषणा किया.प्रमरी स्कूल में आहत निर्माण की घोषणा किया। इंद्राणी साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधायक रोहित साहू के सरकार बनने के बाद लगातार राजिम विधानसभा मे विकास की लहर दौड़ रही है और भाजपा के शासन मे विकास होती रहेगी आगे मांग पर कहा की पानी टैंकर देने का प्रयास करेंगे कही महिलाओ को भी अनेक संदेश दिए। विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर साहू ने कहा की ग्राम रवेली को विधायक रोहित साहू के अनुशंसा मे पांच करोड़ रूपये के उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होने जा रहा है।

## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने तहसीलदार को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ न्वापारा-राजिम

शहर के गौ भक्तो द्वारा सोमवार को बाजे-गाजे के साथ रैली निकालकर तहसील ऑफिस पहुंचकर एक ज्ञापन दिया गया। यह ज्ञापन गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर था। ढोल ढमाके के साथ निकली रैली में शहर के समस्त गौ प्रेमी बहुत ही उत्साहित नजर आए। जय श्री राम के जयघोष और गौ माता की जय जयकार से पूरा शहर गुंज उठा। रैली में महामंडलेश्वर उमेशसनंद, गोकुल गिरी, भारती बाबा, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, दिनेश तिवारी, कन्हैया तिवारी, ब्रह्मदत्त शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, गोपाल गौशाला नवापारा के पदाधिकारी संरक्षक मनमोहन अग्रवाल, अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, सचिव, राजू काबरा, सह





सचिव रूपेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंदू कंसारी, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे, डॉ. वर्मा, डॉ राजेंद्र गदिया, रवि शंकर साहू, गोपाल यादव, बादल देवांगन, विवेक साहू,धर्म साहू, अजय गुप्ता, अन्नपूर्णा देवांगन, योगिता सिन्हा, सरोज कंसारी, रेखा दिनेश तिवारी, उमा कंसारी सभी गौशाला समिति ,युवा मंडली, समाजसेविका सहित शहरवासियो का इस महाभियान को सफल बनाने में भरपूर समर्थन मिला। इस अवसर पर शहर के 300 गौ भक्त भी शामिल रहे। इस अवसर पर प्रचार प्रमुख रूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हम हिन्दुओं के लिए यह गौरव का क्षण हैं.जब हम गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए एकजुट हुए हैं। गाय की सेवा,भारतीय संस्कृति में अत्यंत पुण्यदायी और आध्यात्मिक महत्व का कार्य माना गया है। इससे 33 कोटि देवी-देवताओं का आशीर्वाद, सुख-समृद्धि, मानसिक शांति और पितृदोष से मुक्ति मिलती है।

## विपक्ष ने किया महिलाओं का अपमान : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ न्वापारा-राजिम

नगर के ऋषिदास वैष्णव सामुदायिक भवन में भाजपा रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा के द्वारा जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू, विशेष अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा जिला महामंत्री स्वाति वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, किसान नेता चंद्रिका साहू के आतिथ्य में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि कांग्रेस महिला विरोधी पार्टी है। लोकसभा एवं राज्यसभा में महिलाओं को प्रतिनिधित्व एवं विकसित भारत के लिए देश को महिलाओं को 33 प्रतिशत नेतृत्व प्रदान करने के उद्देश्य से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण बिल सदन में पेश किया था। जिसे कांग्रेस, सपा एवं विपक्षी पार्टियों ने समर्थन न देकर देश के 70 लाख महिलाओं का अपमान किया है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है। और उन्हें उनका हक, अधिकार, पद एवं सम्मान मिलना चाहिए।

- भाजपा ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस को घेरा

**विपक्ष का समर्थन नहीं मिलने से लाखों माताओं में आक्रोश-** मुख्य वक्ता एवं पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के स्वालंबन एवं उत्थान के लिए कार्य किया है। नारी शक्ति वंदन के माध्यम से केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने महिला आरक्षण बिल पेश किया था। जिसे विपक्ष का समर्थन नहीं मिलने से लाखों माताओं एवं बहनों में आक्रोश है। आरक्षण के माध्यम से महिलाओं की राजनीति में सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास मोदी जी ने किया था। जो कांग्रेस, सपा एवं विपक्षी पार्टियों की महिला विरोधी विचारधारा के कारण हो न सका। कार्यक्रम को महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-साहू एवं स्वाति वर्मा ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति चन्द्रकला ध्रुव, पालिका उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ,जिला उपाध्यक्ष चेतना गुप्ता ,जिला मंत्री रानू शर्मा,जिला प्रवक्ता भूमिका साहू ,अभनपुर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता साहू ,चम्पारण महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता साहू ,अटल नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता साहू ,पार्षद पूजा कंसारी ,लोमेश्वरी साहू ,जीना निषाद ,मीना साहू ,चम्पा ,अनपूर्णा देवांगन ,किरण सोनी ,हर्षा कंसारी ,प्रभा बांसवार ,सीता साहू ,सविता पटेल ,नेमा राजपूत ,अनुसूचित जाति महामंत्री मुकुंद मेश्राम ,महामंत्री सौरभ जैन ,युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित मेघवानी ,अप्पू सोनकर शामिल थे।





## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने तहसीलदार को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

गौ सम्मान आह्वान अभियान चला कर विकासखंड अंतर्गत समस्त गौभक्तों, जागरूक नागरिकों एवं व्यापारीगणों के सामूहिक प्रयास से गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मानजनक दर्जा प्रदान करने की मांग को लेकर एक व्यापक एवं सुविचारित ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम तहसील कार्यालय में तहसीलदार फिंगे"वर को सौंपा गया। गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था एवं सनातन जीवनशैली का अभिन्न आधार रही है। अतः उन्हें राष्ट्रमाता घोषित करना केवल धार्मिक भावना का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक अस्मिता, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का महत्वपूर्ण कदम है।



प्रस्तुत ज्ञापन में गौसंवर्धन, गोरक्षा एवं गो–आधारित अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं को सम्मिलित किया गया है, जिनमें प्रमुख रूप से प्रत्येक राज्य में गो-अभयारण्य की स्थापना, प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर निराश्रित गोवंश हेतु नंदीशालाओं का निर्माण, गोशालाओं को मनरेगा से जोड़कर रोजगार सृजन। उन्हें निःशुल्क या रियायती विद्युत सुविधा प्रदान करने की मांग की गई है।

## गौशाला समिति ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन...



**राजिम।** राजिम गौशाला द्वारा गौ सम्मान दिवस के अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी को महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें गौशाला के अध्यक्ष घनाराम साहू, उपाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, मनी राम साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, सचिव प्रदीप जैन, सहसचिव डॉ. हीराराम साहू, अधिवक्ता नेमीचंद साहू ,सामाजिक कार्यकर्ता खुशी साहू शामिल थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिली नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस संगठन में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। पार्टी की वरिष्ठता और कार्यक्षमता को देखते हुए संगठन में उन्हें उचित स्थान दिया गया है, जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस रायपुर जिला ग्रामीण संगठन मे उपाध्यक्ष सुनील कौशल, धनराज मध्यानी, राजू शर्मा, रायपुर जिला महामंत्री बलविंदर गांधी, सौरभ शर्मा, जिला सचिव विमल साहू, रूपेश धुरव,नंद कुमार साहू, मनमोहन कुर्रे आदि वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को जिले मे पर्याप्त स्थान मिलने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैंज व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धनेन्द्र साहू, रायपुर जिलाध्यक्ष पप्पू बंजारे को क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने धन्यवाद प्रेषित किया है। बलविंदर गांधी वर्तमान मे नगर पालिका उपाध्यक्ष के पद पर है वही ग्राम बेन्द्री के विमल साहू पूर्व मे सरपंच व संगठन के विभिन्न दायित्वो का निवर्हन कर चुके है। सभी व्यक्तियो को वरिष्ठता के आधार दायित्व प्रदान किया गया है। उनकी नियुक्ति पर विद्याभूषण सोनवानी, पार्षद रानू राठी, नीलकमल गिलहरे, दीक्षा राठी, बीरेन्द्र सिन्हा, पार्थ वैष्णव, बीरबल टंडन, चन्द्रहास साहू, बालमुकुंद साहू, मनदीप गांधी, शैलेन्द्र यादव, डोमेन्द्र साहू, जीत गांधी, गिरधारी साहू, शशि साहू, किरण साहू, निमा निम्बेकर, घासुराम साहू, योगेश राठी, शशि शर्मा, रॉबिन एंथोनी, हिम्मत सिंग, इन्द्रदेव प्रसाद, सुमित तंबोली, मनीष गुप्ता आदि प्रमुख लोगों ने नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित किया है।

## पेज 9 के शेष...

### बदहाल पांडुका...

बहकर बर्बाद हो रहा है। गर्मी के मौसम में जहां एक ओर सरकार जल संरक्षण की बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहीं दूसरी ओर हजारों लीटर पानी घास और खाली खेतों में बहकर व्यर्थ जा रहा है।

**किसानों की प्रमुख मांगें-** नाली में कंक्रीटीकरण का काम जल्द हो। पानी के सही नियंत्रण के लिए फाटक लगाए जाएं। माइनर की नियमित सफाई सुनिश्चित हो। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और कंक्रीटीकरण का काम शुरू नहीं किया गया, तो वे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। उनका कहना है कि 10-12 साल पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन आज भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

### कृषि आदान पर...

'साथी' पोर्टल को ग्रामीण विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बनाना और बीज नीति में स्पष्टता लाना शामिल है। व्यापारियों ने यह भी मांग की है कि सीलबंद पैकिंग में गुणवत्ता खराब होने की स्थिति में विक्रेता को दोषी न ठहराया जाए, बल्कि निर्माता कंपनी को जिम्मेदार माना जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले समय में आंदोलन और तेज किया जा सकता है।

### जिले में बैलगाड़ी...

आधुनिकता अपनी जगह है, लेकिन हमें अपनी परंपराओं को भूलना नहीं चाहिए। यह बैलगाड़ी बारात न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि यह शादी में होने वाले फिजूलखर्च को कम कर एक आदर्श समाज की स्थापना का प्रतीक भी बनी है।

### समाज के सहयोग...

समारोह में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ सभी सामाजिक परंपराओं का विधिवत निर्वहन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया और नवदंपति के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष योगेश्वर साहू, मदनलाल साहू, ईश्वरी साहू, खूब लाल साहू सहित अनेक गणमान्य स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आदर्श विवाह से न केवल अनावश्यक खर्च पर रोक लगाई जा सकती है, बल्कि सामाजिक एकता और परंपराओं का संरक्षण भी संभव है। उन्होंने युवाओं और समाज के अन्य लोगों से भी ऐसे सादगीपूर्ण विवाह को अपनाने की अपील की।

## मोंगरा में शिव शक्ति मंदिर समिति के रूपसिंह बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

ग्राम मोंगरा में धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से 'शिव शक्ति मंदिर समिति' का विधिवत गठन किया गया। बैठक में गांव के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंदिर के विकास, संरक्षण और व्यवस्थापन के लिए नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। समिति गठन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। बैठक के दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए रूपसिंह नायक को समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं होमसागर साहू को उपाध्यक्ष, लखन लाल चक्रधारी को सचिव तथा पिलम राम नेताम एवं हरिश्चंद्र मरकाम को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के सक्रिय संचालन और निर्णय प्रक्रिया में सहयोग के लिए रामचंद्र नायक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। समिति को मजबूत



और प्रभावी बनाने के लिए 12 सदस्यीय विस्तारित टीम का भी गठन किया गया है। इसमें द्वारका नायक, भूषण भोय, बसंत कुमार नेताम, प्रेमलाल नायक, चंद्रशेखर साहू, जेठूराम नायक, नरेश कुमार नायक, डोमार सिंह नेताम, मुकेश कुमार नायक, दौलत राम नायक, हेमूराम नायक एवं सूर्यकांत अग्रवाल को शामिल किया गया है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि यह टीम मंदिर के विकास कार्यों को नई दिशा देगी।

## खबर संक्षेप

### शिवाय क्रिकेट अकादमी में नई कलर ड्रेस का अनावरण 1 से समर कैंप का शुभारंभ

**महासमुंद।** शहर के श्रीशिवाय क्रिकेट अकादमी में सोमवार को बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ अकादमी की नई कलर ड्रेस का अनावरण किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। नई ड्रेस अकादमी की पहचान को और मजबूत करने के साथ-साथ खिलाड़ियों में अनुशासन, एकता और प्रोफेशनल एटीट्यूड को बढ़ावा देगी। अकादमी के मुख्य कोच, नेशनल लेवल एनआईएस सर्टिफाइड क्रिकेट कोच तृपेश साहू के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को आधुनिक एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में खिलाड़ी लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे हैं और प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार हो रहे हैं। इसी क्रम में अकादमी द्वारा 1 मई से 31 मई तक समर कैंप (नया बैच) का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष कैंप में फिटनेस ट्रेनिंग, एडवांस स्किल डेवलपमेंट, मैच प्रैक्टिस एवं मानसिक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि खिलाड़ी अपने खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें।

### साहित्यकार सुरेंद्र और तेजपाल शब्दाक्षर सम्मान से सम्मानित

**रायपुर।** शब्दाक्षर छत्तीसगढ़ प्रदेश समिति द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में रविवार को सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कुमार जगदली 'सुनील' ने सभी मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र, पुष्पहार और स्मृति चिह्न भेंट किया। इसके बाद दोनों राज्य मंत्रियों ने साहित्यकारों सुरेंद्र रावल को 'शब्दाक्षर व्यंग्यश्री सम्मान' एवं तेजपाल सोनी को 'शब्दाक्षर छत्तीसगढ़ी भाषा सेवा सम्मान' से सम्मनित किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष ने संस्था के संबंध में बताते हुए संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के संस्था के प्रति अथक योगदानों की चर्चा की। साथ ही संस्था के राष्ट्रीय सरंक्षक डॉ.बुद्धिनाथ मिश्र के 'शब्दाक्षर' के प्रति अगाध स्नेह को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग निशक्तजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, छग राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, डा. सीमा श्रीवास्तव, अधिवक्ता राममूरत शुक्ल, यशवंत चतुर्वेदी, प्रदेश अर्थमंत्री नीलिमा मिश्रा एवं प्रदीप साहू ने कार्यक्रम संपादन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## निधन

### विरेन्द्र श्रीवास्तव

**मैनपुर।** मैनपुर नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकार विरेन्द्र श्रीवास्तव उम्र लगभग 55 वर्ष का



27 अप्रैल दोपहर को निधन हो गया। 28 अप्रैल मंगलवार को मैनपुर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे विरेन्द्र श्रीवास्तव नगर व क्षेत्र के धार्मिक समाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे और लंबे समय तक विभिन्न अखबारों में क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं को उठाकर शासन प्रशासन तक पहुंचाकर अपनी लेखनी से समस्या समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक/Q/वाचक/ना.तह./2025**
**राजिम, दिनांक 20/04/2026**
**ग्राम-लोहरसी, वर्ष-2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकेश्वर कुमार निवासी ग्राम लोहरसी तहसील राजिम जिला गरियाबंद द्वारा अपने दादा घनाराम रावत का मृत्यु दिनांक 24/12/2002 को होना बताया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/सर्वसाधारण को कोई आपत्ति या उजर दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/05/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पश्चात प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 20/04/2026**

मुहर **नायब तहसीलदार राजिम (छ.ग.)**

## अनदेखी : वन क्षेत्र और नियम बना रहे हैं बड़ी चुनौती, वन विभाग की अनुमति की दरकार

# मैनपुर-गरियाबंद के 53 गांवों को ग्रिड बिजली का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर और गरियाबंद विकासखंड के 53 सुदूर गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए एक बड़ी खबर है। इन गांवों को अब सौर ऊर्जा (ऑफ-ग्रिड) के बजाय परंपरागत 'ग्रिड' बिजली से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिस पर लगभग 900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी कि फिलहाल मैनपुर विकासखंड के 45 और गरियाबंद विकासखंड के 8 गांवों को मिलाकर कुल 53 गांव ऐसे हैं, जो पूरी तरह से गैर-परंपरागत (ऑफ-ग्रिड) सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकृत हैं। वर्तमान में इन गांवों के सौर संयंत्रों का संचालन और संधारण क्रेडा विभाग द्वारा किया जा रहा है। अब इन गांवों को मुख्य ग्रिड से जोड़ने के लिए विभाग द्वारा उच्च कार्यालय को लगातार प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं।

### 900 करोड़ रुपए की योजना तैयार



#### वन क्षेत्र और नियम बना रहे हैं बड़ी चुनौती

इन गांवों तक ग्रिड बिजली पहुंचाना आसान नहीं है। चूँकि ये गांव राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण्य और संरक्षित वन क्षेत्रों के भीतर आते हैं, इसलिए विद्युतीकरण के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के 8 जून 2023 के प्रावधानों के अनुसार, संरक्षित क्षेत्रों में 33 केवी या उससे कम वोल्टेज की विद्युत लाइनें केवल भूमिगत केबल के माध्यम से ही बिछाई जा सकती हैं। इसी कारण परियोजना की लागत में भारी बढ़ोतरी हुई है।

### बैटरी चलित ट्रायसिकल पाकर खिले हितग्राही के चेहरे



छुईहा बेलर। समाज कल्याण विभाग जिला गरियाबंद द्वारा संचालित दिव्यांगजन सहायता योजना के अंतर्गत सोमवार को जनपद पंचायत फिंगेश्वर परिसर में दिव्यांग हितग्राही दुर्गेश साहू, पिता डोमन साहू, निवासी ग्राम जमाही को बैटरी चलित इलेक्ट्रिक ट्रायसिकल प्रदाय की गई। उक्त ट्रायसिकल का वितरण सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू के कर-कमलों से प्रदाय किया गया। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत सरपंचगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। ट्रायसिकल प्राप्त कर हितग्राही दुर्गेश साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा मेरे दिये गए आवेदन पत्र को उदारतापूर्वक स्वीकार कीया गया। अब पैदल चलने में होने वाली तकलीफ दूर होगी। दैनिक कार्यों एवं आवागमन में आत्मनिर्भरता आएगी। दुर्गेश साहू ने इस सहयोग के लिए जनपद पंचायत अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू, उपाध्यक्ष सतीश साहू, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग डोनर ठाकुर, करारोपण अधिकारी लेखराम साहू एवं पूर्व उपसंचालक रामजी सिन्हा के प्रयासों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू, उपाध्यक्ष सुखदेव साहू , सरपंच रोहिना रूपेश साहू, त्रिवेणी, गजेंद्र साहू सरपंच बिजली पद्मा मोती निषाद, सरपंच खुटेरी बेनीशंकर साहू ,कोमा बलराम साहू, कुम्ही वीरेंद्र साहू, बैताल साहू, सविता सिन्हा ,युधिष्ठिर साहू, सरपंच छुईहा विद्या गजेश्वर सिन्हा, गजानंद सरपंच चरौदा, लेखराम उपस्थित थे।

## नपं छुरा में नवीन अध्यक्ष कक्ष एवं वॉटर कूलर का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर पंचायत छुरा में बने नवीन अध्यक्ष कक्ष का उद्घाटन महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ,सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू ने फीता काट कर किया। और नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद को शुभकामनाएं दी। साथ ही नगर पंचायत द्वारा देवांगन होटल के पास स्थापित वाटर कूलर का भी फीता काट कर उद्घाटन अतिथियों ने किया। वाटर कूलर के उद्घाटन के बाद माननीय मंत्री, सांसद, विधायक ने पानी पीकर विधिवत शुभारंभ किया और कहा कि भीषण गर्मी में रहगीरों को प्याज से राहत दिलाएगी। इससे स्थानीय लोगों को गर्मी के मौसम में शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, रिखीराम यादव अध्यक्ष न पा गरियाबंद, भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चित्ररेखा ध्रुव, जिला महामंत्री आशीष शर्मा,जिला महामंत्री थानसिंह निषाद,जिला महामंत्री चंद्र शेखर साहू, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, मंडल प्रभारी प्रीतम सिन्हा, महामंत्री भारती साहू, खुशी साहू, मिलेश्वरी साहू,जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर उपस्थित रहे।

## गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



गोवंश संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को छुरा क्षेत्र में अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं, गौसेवकों एवं नागरिकों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गोवंश का विशेष महत्व रहा है। प्राचीन काल से गाय को आस्था, सेवा और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। वर्तमान समय में गोवंश की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। सड़कों पर बड़ी संख्या में आवारा मवेशी घूम रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं तस्करी, अवैध परिवहन, चारे की कमी और उचित देखभाल के अभाव में गोवंश संकट का सामना कर रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि केंद्र एवं राज्य सरकार गोवंश संरक्षण के लिए कठोर एवं प्रभावी कानून बनाए। गो तस्करी, अवैध वध तथा गोवंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से रोक लगाई जाए। इसके साथ ही प्रत्येक जिले एवं नगर क्षेत्रों में व्यवस्थित गौशालाओं की स्थापना कर उनके संचालन के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान वेदराम नंदे विश्व हिन्दू परिषद जिला संगठन मंत्री, हेमंत साहू, शीतल ध्रुव समाजसेवी, मेष नंदन पाण्डेय,बेदराम निर्मलकर, थानसिंग निषाद,भवानीशंकर सेन,पोषण सिन्हा विश्व हिन्दू परिषद उपाध्यक्ष, डाकेश्वर सोनू यादव, अनुज नायक संयोजक मनोज पटेल, मंथीर ध्रुव, दिशांक चंद्राकर, नंदकिशोर यादव,श्रीमती संध्या यदु एवं अभियान से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गौसेवक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में गोवंश संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

### 13 वर्षों बाद मिला न्याय निलंबित पटवारी बहाल

**पिथौरा (ग्रामीण)।** न्याय की लंबी और संघर्षपूर्ण लड़ाई के बाद पिथौरा तहसील के निलंबित पटवारी सुभाष सिदार को आखिरकार बड़ी राहत मिली है। करीब 13 वर्ष पूर्व भूमि विवाद के एक मामले में निलंबित किए गए पटवारी सुभाष सिदार को उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देश पर पुनः सेवा में बहाल कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पटवारी सुभाष सिदार को जमीन संबंधी विवाद के चलते प्रशासन द्वारा निलंबन का सामना करना पड़ा था। स्थानीय अधिवक्ता बजरंग अग्रवाल के माध्यम से सिदार ने बिलासपुर हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। याचिका में उन्होंने 13 वर्षों से लंबित अपनी बहाली का मुद्दा विस्तार से रखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने त्वरित सुनवाई करते हुए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि 30 दिनों के भीतर बहाली की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं और सुभाष सिदार को पुनः सेवा में बहाल कर दिया।

## एक मई से शुरू होगा घर- घर गायत्री, हर घर यज्ञ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में एक मई से समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार के उद्देश्य से घर -घर गायत्री, हर घर यज्ञ जन जागरण अभियान की शुरूआत 1 मई से की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर में गायत्री मंत्र जप,यज्ञ और संस्कारों के माध्यम से सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। इसी क्रम में गायत्री प्रज्ञा पीठ रसेला में भी गायत्री परिवार द्वारा व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। 1 मई को रसेला के सभी वार्डों में सर्वे कर इच्छुक परिवारों की सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद चयनित घरों में यज्ञ का आयोजन कराया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि यज्ञ के



लिए आवश्यक हवन सामग्री गायत्री मंदिर से उपलब्ध कराई जाएगी। जो परिवार स्वयं अपने घर में यज्ञ करना चाहते हैं,वे मंदिर से पूजा किट प्राप्त कर सकते हैं। किट के साथ यज्ञ की सरल विधि भी दी जाएगी, जिससे कोई भी व्यक्ति आसानी से विधि विधान से यज्ञ कर सकें। यह विशेष अभियान 1 मई से चलाया जाएगा। इस दौरान अधिक से अधिक परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि घर घर में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों का प्रसार हो सकें। इस आयोजन पूरी तरह स्वेच्छा से होगी। इच्छुक लोग अपना नाम दर्ज कराकर या आयोजकों को आमंत्रित कर अपने घर में यज्ञ करा सकते हैं। गायत्री परिजन ठाकुर राम यादव, जगतराम यादव, नंदकिशोर यादव, चन्द्रकला यादव, सरस्वती यादव, श्यामा ठाकुर,दुलसिया यादव,दुलम यादव, दिव्यानंद यादव, तुलसी देवांगन,प्रज्ञेश देवांगन, रुपा सिन्हा, धनीराम यादव, ओमप्रकाश यादव, भूषण साहू, यशराम यादव ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़े और हम सुधरेंगे,युग सुधरेगा,हम बदलेंगे,युग बदलेगा के संदेश को अपनाते हुए अपने घरों में यज्ञ कराएं, जिससे बच्चों में संस्कारों का विकास हो और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके।

## युवा नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ खेलों में भविष्य संवारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के ग्राम गिरसुल में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में एक बेहतर पहल देखने को मिला जिसका पूरे क्षेत्र के साथ प्रदेश भर में चर्चा हो रही है। खेल के दौरान हाथों में नशामुक्ति का बैनर पोस्टर लेकर पूरा खेल मैदान का भ्रमण किया गया और लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। यह नशामुक्ति के क्षेत्र में अनोखा पहल की लोगों द्वारा जमकर सराहना किया जा रहा है।

■ गिरसूल में रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट के साथ नशा मुक्ति का संदेश

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने स्वयं उपस्थित हजारों लोगों से नशामुक्ति की अपील किया। ग्राम गिरसूल में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट मैच के अवसर पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे ग्रामीणों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और नशे की लत उन्हें गलत दिशा में ले जाती है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमति नेहा सिंघल ने भी युवाओ से और उपस्थित लोगो से अपील किया कि नशे से दूर रहे युवा







वर्ग न"ो से दूर रहकर खेल और पढ़ाई के साथ अपना भविष्य संवार सकते है।

**रोमांचक फाइनल मुकाबला-** टूर्नामेंट का फाइनल मैच गिरसूल और करचिया के बीच खेला गया। गिरसूल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 120 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में करचिया की टीम 80 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह गिरसूल टीम विजेता और करचिया टीम उपविजेता रही। मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में श्रीमती नेहा दीपक सिंघल (जिला पंचायत सदस्य), पदमलया सुशील निधि (जनपद पंचायत अध्यक्ष देवभोग), सुधीर अग्रवाल (जनपद पंचायत उपाध्यक्ष देवभोग), जितेन्द्र मांझी (सरपंच गिरसूल), मिलेन्द्र नागेश (सरपंच खजूरपदर), जुली नितिन कश्यप (उप सरपंच गिरसूल) सहित घनश्याम मांझी, मधु नागेश, चिंता मांझी, नवीन सेन, किशोर चक्रधारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन में आयोजन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कश्यप, उपाध्यक्ष नितिन कश्यप, देशमुख ठाकुर, कामेश कश्यप तथा सहयोगी श्रीतम निर्मलकर, नरेंद्र सेन, कमलेश बघेल, टंकेश डोंगरे, डम्बेश यादव, पिंटू मांझी, पोखराज ध्रुव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रें में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गिरसूल का यह आयोजन नशा मुक्ति की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।



## नवाडीह में अब भी जारी खुले में शौच रास्तों पर पसरा गंदगी का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

केंद्र सहित प्रदेश सरकार जहां एक तरफ स्वच्छ मुक्त भारत के लिए हर पंचायत में सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहे है जिससे कोई भी महिला से लेकर पुरुष खुले में शौच न जाए इसके लिए लाखों करोड़ों खर्च कर रही है। जिससे ग्राम एवं आस पास वातावरण साफ रहे बीमारी दूर भागे और लोग बीमार न पड़े और घरों घर शौचालय निर्माण के लिए स्वयं हितग्राही को 12 हजार राशि और बनने पर शासन द्वारा निर्माण किया गया है लेकिन इसका उपयोग नवाडीह (पाण्डुका ) में देखने को नहीं मिल रहा है। कहा जाय महिलाएं इसका उपयोग खुले में जाकर कर रही नवाडीह पाण्डुका, सरकड़ा मार्ग में आज भी महिलाएं सुबह पांच बजे लोटा लेकर खुले में शौच करने जाती है इसके चलते सुबह सैर मार्निंग वाक घूमने निकलने वाले बदबू से परेशान है, शौचालय में शौच करना महिलाओं को रास नहीं आ रहा है और रोड किनारे गंदगी में तब्दील हो रहा है। वहीं दूसरी मार्ग जहां बस स्टैंड, चारोधाम चौक पर ज्यादा भीड़ भड़ाका प्रदूषण से बचने के लिए आम नागरिक शार्ट कट नहर पार से होते हुए धमतरी रोड पर रोज सैकड़ों आवाजाही कर निकलते है। इस मार्ग के किनारे भी मुर्गी के पंख गंदगी पसरी हुई है। भानु ध्रुव सरपंच पाण्डुका ने कहा की महिलाएं हर दो-तीन दिन में सफाई करती है।

### बूथ क्रमांक 71 में लोगों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी



**फिंगेश्वर।** नगर के बूथ क्रमांक 71 में मन की बात का 133 वा संस्करण टेलिविजन में सुना गया जिसमें मोदी जी की द्वारा कही गई बाते देशभक्ति रोचक एवं विकास की ओर प्रेरित रही। छत्तीसगढ की बारनवापरा अभ्यारन मे अठखेलिया करते काले हिरण की सक्रियता को लेकर मोदी जी ने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। वैज्ञानिकों के कार्यो की प्रशंसा की। परमाणु कार्यक्रम के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी। पवन शक्ति को लेकर बताया कि यह भारत के विकास की शक्ति है जो कई राज्या में दिखाई देती है। भारत के विकास के लिए सौर एवं पवन उर्जा को जरूरी बताया।भगवान गौतम बुद्ध की महिमा को बताया।इस प्रकार बहुत सारी बाते प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कार्यक्रम मे बताया जिसे लोगो ने रूचिपूर्वक सुनी।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित, जयेश सोनकर, सुनीता सोनकर, दिव्या निषाद, रानी साहनी आदि उपस्थित हुई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### पायलीखंड जुगाड़ पुलिस ने खोला प्याऊ




**मैनपुर।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए थाना पायलीखंड जुगाड़ पुलिस ने एक सराहनीय और जनसेवा से जुड़ी पहल करते हुए सार्वजनिक प्याऊ सेंटर' की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, आम नागरिकों और जरूरतमंद लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाते हुए उन्हें शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। इन दिनों तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में पुलिस विभाग द्वारा इस प्रकार का सामाजिक सरोकार निभाना न केवल राहत प्रदान करने वाला है, बल्कि पुलिस और जनता के बीच सकारात्मक संबंधों को भी मजबूत करता है। थाना पायलीखंड जुगाड़ परिसर के समीप स्थापित इस प्याऊ सेंटर में राहगीरों के लिए ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है। यहां से गुजरने वाले लोग रुककर पानी पी रहे हैं और पुलिस की इस पहल की सराहना कर रहे हैं। इस सराहनीय कार्य में थाना पायलीखंड जुगाड़ के यदुराज ठाकुर, प्रधान आरक्षक उमेश शांडिल्य, दिलीप सिन्हा, धर्मेन्द्र ठाकुर, आरक्षक नितेश ध्रुव, भूपेंद्र प्रताप, खमलेश, मनोज, प्रहलाद साहू, भारत नेताम एवं टेकराम नागेश का विशेष योगदान रहा।

### शिक्षक मोहम्मद अनवर को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** राष्ट्रीय नवाचारी गतिविधि समूह भारत के द्वारा 25 अप्रैल को रायपुर में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करना रहा। छुरा विकासखंड के पिपरहट्टा निवासी और शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरूवामुड़ा के शिक्षक मोहम्मद अनवर को उनके शैक्षिक क्षेत्र में नवाचार और उनकी प्रेरणा से छात्र-छात्राओं की बहुआयामी सफलता के लिए नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान दिया गया। यह सम्मान उन्हें उप संचालक समग्र शिक्षा श्री एके सारस्वत के हाथों प्राप्त हुआ। अंग्रेजी पोयम्स को राजभाषा छत्तीसगढ़ी में अनुवाद, आदिवासी अंचल के बच्चे बच्चियों का राज्य स्तर क्रिकेट और कबड्डी में लगातार चयन, प्रयास आवासीय विद्यालय में अब तक चार छात्रों का चयन,बालिकाओं को आत्मरक्षार्थ कराते प्रशिक्षण और कहानियों के माध्यम से बच्चों को रोचक तरीके से शिक्षण,अनवर सर के शिक्षण को विशिष्ट बनाती है।

## तेंदूपत्ता खरीदी : देवभोग क्षेत्र में हरा सोना की खरीदी शुरू, मुख्य वन संरक्षक पहुंचे जायजा लेने

# तेंदूपत्ता खरीदी जोरों पर, देवभोग में रिकॉर्ड संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के वनोपज मे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले हरा सोना (तेंदूपत्ता) की खरीदी प्रारंभ हो गई है। गरियाबंद वन मंडल के देवभोग क्षेत्र में खरीदी कार्य युद्धगति से चल रहा है। मुख्य वन संरक्षक मणिवासगण एस एवं गरियाबंद वन मंडलाधिकारी शशिगानंद, सहायक वन मंडलाधिकारी मनोज चंद्राकर एवं वन विभाग के अफसर देवभोग क्षेत्र के खरीदी केन्द्र पहुंचकर जायजा लिया और तेंदूपत्ता की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा है। वनमंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर वन अफसर संग्रहण केन्द्र चलनापदर, गोहरापदर, देवभोग पहुंचकर प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति एवं फड़ मुंशी पोशाक अधिकारी प्रबंधको एवं संग्रहकों से चर्चा किया तथा अच्छी क्वालिटी के तेंदूपत्ता संग्रहण करने को कहा है। लगातार वन अफसर तेंदुपत्ता संग्रहण केन्द्र का दौरा कर निरीक्षण कर रहे है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हरा सोना खरीदने और संग्रहण में किसी प्रकार कि कोई व्यधान उत्पन्न न हो। मिली जानकारी के अनुसार देवभोग रेंज अन्तर्गत 12 समितियों में एक करोड़ 17 लाख का लक्ष्य.. देवभोग रेंज के 12 समितियों में इस बार एक करोड़ 17 लाख खरीदने का लक्ष्य रखा गया हैं जिसमें पहले दिन ही 1767937 कि खरीदारी कि गई। जिसमें 13500 संग्राहक मौजूद है। इस क्षेत्र मे 24 अप्रैल से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ हुआ है और 11 हजार 600 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य है। आजीविका की रीढ़.. छत्तीसगढ़ और आसपास के वन क्षेत्रें में तेंदूपत्ता आदिवासी और स्थानीय लोगों के जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। बीड़ी उद्योग में इस्तेमाल होने के कारण इस पत्ते कि मांग हमेशा से बना रहता हैं और इसी के सहारे गांव और वनों के आसपास रहने वाले लोगों का गर्मी के मौसम में रोजगार का प्रमुख साधन है। खास बात तो यह है कि इस काम में महिला बढ़ चढ़कर काम करते है, जिससे परिवार कि कुल आय में संतुलन बना रहता हैं इसी कारण सरकार तेंदूपत्ता संग्रहण को ग्रामीण रोजगार का प्रमुख जरिया मानती हैं। इस वर्ष अधिकारीयों के अनुसार मौसम भी अनुकूल बना हुआ हैं, जिससे उत्पादन और संग्रहण दोनों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग के उच्च अधिकारी खरीदी व्यवस्था को और भी मजबूत किया है। वही मुख्य वन संरक्षक द्वारा रीपा निर्माण केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। एसडीओ मनोज चंद्राकर ने बताया तेंदूपत्ता खरीदी प्रारंभ होने के बाद से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।





### मैनपुर क्षेत्र में 1 मई से तेंदूपत्ता की खरीदी

वहीं गरियाबंद वन मंडल के मैनपुर सहित बाकी इलाको में 01 मई से तेंदूपत्ता खरीदी प्रारंभ होने की संभावना है। जिसको लेकर तैयारी पूर्ण किया जा चुका है ग्रामीणों और संग्रहकों में तेंदूपत्ता को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्य वन संरक्षक मणिवासगण एस एवं गरियाबंद वन मंडलाधिकारी शशिगानंद द्वारा सभी केन्द्रो में व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रत्येक समिति के अंतर्गत फड़ केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां संग्राहक तेंदूपत्ता जमा करेंगे इन केंद्रों पर तौल, भंडारण और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### श्रमिकों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

तेंदूपत्ता संग्रहण क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है हर साल हजारों परिवार इस कार्य से जुड़कर मौसमी रोजगार प्राप्त करते हैं। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में लोगों को अतिरिक्त आय का अवसर मिलने की उम्मीद है अधिकारियों का कहना है कि इस बार मौसम अनुकूल रहने के कारण तेंदूपत्ते की गुणवत्ता बेहतर रहने की संभावना है। समय पर गर्मी पड़ने और बारिश नहीं होने से पत्ते मजबूत और अच्छी बनावट के तैयार हुए हैं, जिससे संग्राहकों को बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है वन विभाग ने फड़ केंद्रों में पारदर्शी तौल, समय पर भुगतान और श्रमिकों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। सभी समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि संग्रहण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके ग्रामीणों का कहना है कि तेंदूपत्ता सीजन उनके लिए साल का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और घरेलू जरूरतों की पूर्ति में मदद मिलती है।

## आईआईटी भिलाई में जिले की शिक्षिका गणेशी चौहान ने सीखा आधुनिक विज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं आईआईटी भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिलों से चयनित शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 20 से 22 अप्रैल तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में गरियाबंद जिले से चयनित शिक्षिका सुश्री गणेशी चौहान (शासकीय प्राथमिक शाला, खड़मा) ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। इसमें गतिविधि-आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षकों को गणितीय सूत्रों की सरल व्याख्या, दैनिक जीवन में उनके उपयोग, तथा कम संसाधनों में विज्ञान के जटिल प्रयोगों को आसान और रोचक तरीके से समझाने की तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आईआईटी भिलाई की रसायन एवं भौतिकी प्रयोगशालाओं, मशीनरी भवन तथा केन्द्रीय उपकरण सुविधा का भ्रमण कराया गया। यहां हो रहे शोध कार्यों और आधुनिक प्रयोगों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने स्वयं भी विभिन्न रासायनिक प्रयोग किए, जो उनके लिए काफी रोचक अनुभव रहा। स्टार गेजिंग कार्यक्रम के तहत रात्रि में टेलीस्कोप के माध्यम से चांद, तारों एवं अन्य ग्रहों का अवलोकन भी कराया गया, जिसने प्रशिक्षण को और भी यादगार बना दिया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर संयोजक डॉ. मोहम्मद महबूब आलम एवं डॉ. ध्रुव प्रताप सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



### गंगा सप्तमी पर दीप यज्ञ का आयोजन

**नवापारा-राजिम। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गंगा** सप्तमी के अवसर पर मां गंगा की स्वच्छता, संरक्षण और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए सुबह 6 से 7 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाकर गंगा घाट पर दीपदान किया गया। इस अवसर पर मां गंगा पूजा-अर्चना कर,जल संरक्षण और स्वच्छता का संकल्प लिया गया। दीप यज्ञ में विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, योगिता सिन्हा शामिल हुए। सबसे पहले वैदिक मन्त्रोचार के साथ गुरु वंदना कर दीप यज्ञ का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात गायत्री परिवार एवं कर्मा महिला मंडल के मातृ शक्तियों द्वारा दीप जलाकर गंगा मैया की आरती की गई। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी ने कहा कि गंगा मैया की आरती साप्ताहिक होते रहना चाहिए। इसे स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए जिससे गंगा मैया साफ एवं स्वच्छ रहे। उन्होने बताया कि गंगा घाट पर शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन हो चुका है।

## मैनपुर में गौ सम्मान की हुंकार रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**मैनपुर।** गौ संरक्षण को लेकर एक बड़ा आंदोलन आकार लेता नजर आ रहा है आज सोमवार को मैनपुर मे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत रैली निकाल तहसील कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा, जिसमें गौवंश के संरक्षण के लिए ठोस और कड़े कदम उठाने की मांग की गई उनका कहना है कि गौ माता केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस—ति, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है ज्ञापन में प्रमुख रूप से गौ माता को 'राष्ट्रमाता' और 'राष्ट्रदेव' का दर्जा देने, गौहत्या पर सख्त राष्ट्रव्यापी कानून बनाने, गौ मंत्रलय के गठन और गोबर–गोमूत्र के वैज्ञानिक उपयोग के लिए अनुसंधान केंद्र स्थापित करने जैसी अहम मांगें रखी गईं। साथ ही गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुव्यवस्थित चारा प्रबंधन की भी बात कही गई आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की रणनीति भी तय की गई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्रीराम सेना हिन्दू संगठन के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, आकाश मिश्रा, देवराज साहू, तेजेश्वर सोनवानी, देव वासनिक, रोमेश बंछोर, दिनेश सचदेव, देवेंद्र सिन्हा, संतोश यादव, दिनेश शर्मा, ऋषिकेश दास, हर्ष दास, सवितानंद साहू, राज बघेल, आदित्य त्रिवेदी, कोमल साहू, तिलेश निर्मलकर, कोमल साहू, वरूण पटेल सहित बड़ी संख्या मे नगर के समस्त गौ सेवक, व्यापारीगण, समस्त हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भोथी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम की मन की बात



**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 132वां एपिसोड ग्राम भोथी में सुना गया। जिसमें विशेष रूप से शिवकुमार सोन पिपरे प्रभारी, सब प्रभारी मनोज दांडेकर, अंबिका सिंह ठाकुर, प्रदेश किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य तोषन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष तामासिवनी कृष्ण कुमार साहू, जनपद सदस्य बंनचरोदा गंगूराम साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता महेश भारती, छन्नूलाल सरपंच, रूपेद चंद्राकर एवं दयालु राम गाड़ा झुग्गी झोपड़ी के जिला संयोजक, मयाराम साहू सह संयोजक मौजूद थे।



### प्रधानपाठक पतिराम यादव को दी विदाई

**राजिम।** बकली स्कूल के प्रधानपाठक पतिराम यादव को स्कूल के शिक्षकों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य राजेन्द्र नाग, सुभाष शर्मा विकासखण्ड स्रोत समन्वय, रविशंकर साहू, किरण साहू, शत्रुघन साहू, आशा ध्रुव, विमला बघेल, भुवनेश्वरी साहू, संतोष साहू, योगेश्वरी साहू, पदुमलाल साहू सहित समस्त स्टाफ मौजूद थे।

## गौ संरक्षण के लिए जिले में हुंकार, गौसेवकों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में गौ संरक्षण को लेकर एक संगठित पहल सामने आई है। गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को बड़ी संख्या में गौसेवक एवं गौरक्षक तहसील कार्यालय पहुंचे और हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। अभियान से जुड़े लोगों ने बताया कि गौ माता के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए 27 अप्रैल को पूरे देश में 'गौ सम्मान दिवस' मनाने का आह्वान किया गया है। इस पहल का उद्देश्य गौवंश संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाना और सरकार तक प्रमुख मांगें पहुंचाना है। गौसेवकों ने केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष कई अहम मांगें रखी हैं, जिनमें गौ माता को राष्ट्रमाता और राष्ट्रदेव का दर्जा दिया जाए,गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए सख्त राष्ट्रव्यापी कानून बनाया जाए गौ संरक्षण के लिए अलग गौ मंत्रालय का गठन किया जाए गोबर और गोमूत्र के औषधीय व कृषि उपयोग को बढ़ावा देने हेतु अनुसंधान केंद्र खोले जाएं गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चारा प्रबंधन की ठोस व्यवस्था की जाए। अभियान को लेकर स्पष्ट रणनीति भी बनाई गई है। पहला चरण देशभर की तहसीलों में ज्ञापन सौंपे जाएंगे दूसरा चरण जिला स्तर पर कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार तक मांगें पहुंचाई जाएंगी गौसेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आगे राजधानी दिल्ली में कूच और आमरण अनशन जैसे कदम उठाए जा सकते हैं।






### गौ को राष्ट्र माता घोषित करने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** भारतीय किसान संघ द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन महासमुंद तहसीलदार जेके पटेल को सौंपा गया। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष महासमुंद के कुबेर गिरि गोस्वामी, बृजलाल साव उपाध्यक्ष, राजेंद्र वैष्णव कार्यालय मंत्री, सदस्य बृजबिहारी साहू, दिनेश प्रताप सिंह, ऋषभ साहू आदि मौजूद रहे।

KALDA HOSPITAL कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

**गर्म हवाएं, तेज धूप, बिजली बंद, कार्य ठप लोग हलाकान**

# गर्मी के तेवर से लोग परेशान, जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





इन दिनों क्षेत्र मे भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिसका परिणाम है कि तापमान कि मुश्किलें भी बढ़ गई है। घर से निकलने वाले लोग चेहरा समेत पूरा शरीर को ढककर चल रहे है। जिससे धूप से शरीर की सुरक्षा होती रहे। तेज धूप व गर्मी बढ़ गई है। लिहाजा लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे है। लेकिन लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। गर्मी से लोगों की हालत खराब हो रही है वहीं लू के थपेड़ों ने झुलसा दिया है। तपिश के कारण लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है दिन भर गर्म हवा से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तेज धूप के साथ पुरवइया हवा भी चलना बंद हो जाने के कारण गर्मी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर में गर्मी अधिक होने से लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। लोग ठंड पेय पदार्थ गटक रहे हैं। इनदिनों भीषण गर्मी को लेकर कोल्ड ड्रिंक आइसक्रीम की दुकानों से नजदीकियां बढ़ गई है। वहीं दुकानों पर गमछा टोपी बस चश्मे की बिक्री तेज हो गई है। बिजली गुम हो जाने के बाद गर्मी के मारे लोग घरों में भी तिलमिला रहे हैं देर शाम मौसम के ठंडा होने पर लोगों की राहत होती है।

**गायों में हीट स्ट्रोक के मामले बढ़े-** गर्मी और लू के चलते बेजुबान मवेशियों, विशेषकर गायों की मौत के मामले सामने आ रहे हैं। क्षेत्र के सहसपुर कसेरूडीह नर्सरी के पास एक मवेशी की मौत हो गई। वहीं तेज धूप के बीच आंवारा कुत्तों के आतंक और हमले से लोहरसी में एक गाय की मौत हो गई। तापमान में अचानक बढ़ोतरी के कारण गायों में हीट स्ट्रोक के मामले बढ़ गए हैं।

**नल जल योजना ठीक चल रहा-** नवीन साहू लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग राजिम ने कहा की नल जल योजना ठीक चल रहा है। कही कोई दिक्कत नहीं है। ग्राम पोंड में साल भर में लगभग पांच बोर कर चुके हैं किन्तु सक्सेज नहीं हो रहा है और ग्राम गाड़ाघाट में कोई परेशानी नहीं है सब ठीक चल रहा है। ओपी तिवारी पशु चिकित्सा विभाग गरियाबंद को दूरभाष से संपर्क किया। पर उन्होंने कॉल नही उठाया और संपर्क नहीं हुई।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया
क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411